# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
📱 : 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

पत्रांक ............ 2025 / 26 दिनांक 21.08.2025

# एन.सी.सी. भर्ती सम्बन्धी सूचना

महाविद्यालय के स्नातक कक्षाओं (बी.ए. / बी.एस.सी. / बी.कॉम. / बी.सी.ए.) के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में **"FSFS" (Fully Self Financing Scheme)** के अन्तर्गत एन.सी.सी. सीनियर डिवीजन की एक यूनिट संचालित है। सत्रः 2025–26 में एन.सी.सी. प्रथम वर्ष **(NCC, SD-"B" Certificate, SW-"B" Certificate)** एवं तृतीय वर्ष **(SD-"C" Certificate, SW-'C' Certificate)** में पंजीकरण हेतु इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय के बी.एड. विभाग से आवेदन–पत्र प्राप्त कर सकते हैं (शुल्क जमा करके)।

विद्यार्थियों का चयन शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य मानकों के आधार पर बटालियन द्वारा किया जायेगा जो दिनांक 30.08.2025 (शनिवार) को होना सुनिश्चित है।

पंजीकरण हेतु इच्छुक विद्यार्थी आवश्यक कागजातों के साथ आवेदन–पत्र भरकर बी.एड. विभाग में दिनांक 29.08.2025 तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें।

- **आवेदन–पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक – 28.08.2025**
- **आवेदन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक – 29.08.2025**
- **भर्ती (शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं लिखित) परीक्षा की तिथि दिनांक 30.08.2025 (दिन शनिवार) प्रातः 8.00 बजे।**

एन.सी.सी. भर्ती परीक्षा 2025–26 में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थी अपने सभी मूल प्रमाण पत्र (Original Document) तथा दो प्रति स्वप्रमाणित फोटोकॉपी (दो सेट) के साथ दिनांक 30 अगस्त, 2025 (शनिवार) को प्रातः 8.00 बजे परीक्षा स्थल पर उपस्थित हों।

**आवश्यक अभिलेख-**

1–हाईस्कूल अंक पत्र/ प्रमाण पत्र (मूल प्रति + 2 प्रति फोटोकापी)
2–इण्टरमीडिएट अंक पत्र/प्रमाण पत्र (मूल प्रति + 2 प्रति फोटोकापी)
3–आधार से लिंक बैंक पासबुक (मूल प्रति + 2 प्रति फोटोकापी)
4–आधार कार्ड (मूल प्रति + 2 प्रति फोटोकापी)
5–महाविद्यालय में प्रवेश का शुल्क रसीद (Fee Recipt) (मूल प्रति + 2 प्रति फोटोकापी)
6–महाविद्यालय का पहचान–पत्र (मूल प्रति + 2 प्रति फोटोकापी)
7–एन.सी.सी. 'बी' प्रमाण–पत्र ('सी' प्रमाण पत्र /तृतीय वर्ष में प्रवेश लेने वाले कैडट्स हेतु) (मूल प्रति + 2 प्रति फोटोकापी)

21.08.2025
डॉ. सुभाष चन्द्र
सी.टी.ओ.
44 उ.प्र. वाहिनी एन.सी.सी.,गोरखपुर

प्रो0(डॉ) ओम प्रकाश सिंह
प्राचार्य